# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

**1. देश का सरकारी अनाज भंडार छह सौ चार लाख टन के पार, बफर स्टॉक से तीन गुना अधिक भंडारण से सार्वजनिक वितरण प्रणाली और कल्याणकारी योजनाओं को मिलेगी मजबूती।**

**2. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्वयं सहायता समूहों के बीच 40 प्रसंस्करण ईकाईयों का किया वितरण, 65 लाभुकों को 17 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि की प्रदान।**

**3. देवघर में नवंबर से शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय वीजा सेंटर, अब सिंगापुर, दुबई और मलेशिया समेत कई देशों के लिए देवघर में मिलेगी वीजा सुविधा।**

**4. मुरी स्टेशन पर विकास कार्य के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण आज और कल कई ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित ।**

**और**

**5. आई.पी.एल क्रिकेट में आज डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*******************

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश का सरकारी अनाज भंडार छह सौ चार लाख टन से अधिक हो गया है। यह मात्रा बफर स्टॉक यानी अनिवार्यता के समय की आवश्यक मात्रा से लगभग तीन गुणा अधिक है। श्री जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गेंहू और चावल के सुरक्षित भंडार से देश में कल्याणकारी योजनाओं तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

*******************

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर प्रखंड परिसर में स्वयं सहायता समूहों और प्राथमिक सहकारी समितियों के बीच गेहूं प्रसंस्करण मशीन तथा मिनी राइस मिल का वितरण किया। कार्यक्रम के तहत कुल 40 प्रसंस्करण ईकाईयां लाभुकों को सौंपी गईं, जबकि प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं से प्रभावित 65 लाभुकों के बीच 17 लाख 24 हजार रुपये की सहायता राशि भी वितरित की गई।

*******************

झारखंड–बिहार का पहला वीजा फैसिलिटी सेंटर अक्टूबर–नवंबर में देवघर में शुरू होगा, जिसकी जानकारी सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने दी। यह पूर्वी भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है क्योंकि ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी फिलहाल वीजा बनाने की सुविधा नहीं है। शुरुआत में यहां छोटे देशों के लिए वीजा बनेंगे, और पर्यटन या पढ़ाई के लिए सिंगापुर, दुबई, मलेशिया व बैंकॉक जाने वालों को सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही देवघर एयरपोर्ट से हैदराबाद, गुवाहाटी व सूरत के लिए सीधी उड़ान और गोड्डा से गुजरात–राजस्थान के लिए सीधी रेल सेवा की भी तैयारी है, जिससे क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

*******************

आकाशवाणी ने अपनी स्थापना की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मैराथन का आयोजन किया। आकाशवाणी और दूरदर्शन सहित प्रसार भारती में कार्यरत कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने मैराथन में भाग लिया।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव दिवेदी ने कहा कि इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

******************

रांची विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले 2000 से अधिक अभ्यर्थियों की फीस वापस करेगा।

कुलपति डॉ. सरोज शर्मा ने बताया कि सत्र 2024–25 की प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं हो पाने के कारण फीस वापसी की तैयारी की जा रही है।

******************

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी सिविल सर्जनों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में सरायकेला में मां–बेटी की मौत और रांची की घटनाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने अस्पतालों की नियमित निगरानी, रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया।

******************

पूर्वी सिंहभूम के जादूगोड़ा में यूरेनियम खनन से जुड़े स्वास्थ्य और पर्यावरणीय मुद्दे राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गए हैं। द्रौपदी मुर्मू को भेजी गई याचिका के बाद राष्ट्रपति सचिवालय ने झारखंड सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। याचिका में खनन के कारण स्थानीय लोगों में कैंसर, त्वचा और श्वसन रोग तथा भू–जल और कृषि भूमि के प्रदूषण की आशंका जताई गई है। याचिकाकर्ता संजीव कुमार अंबष्ट ने मामले की स्वतंत्र जांच, स्वास्थ्य सर्वेक्षण, मुफ्त इलाज और विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की मांग की है।

******************

मुरी स्टेशन पर विकास कार्य के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण आज और कल हटिया–आदित्यपुर एक्सप्रेस, हटिया–खड़गपुर एक्सप्रेस, रांची–खड़गपुर एक्सप्रेस, बोकारो स्टील सिटी–रांची मेमू तथा हटिया–सांकी मेमू ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा बर्द्धमान–हटिया–बर्द्धमान मेमू ट्रेन का आंशिक समापन और प्रारंभ गोमो स्टेशन पर होगा। इन ट्रेनों का गोमो–हटिया–गोमो के बीच परिचालन 8 और 9 मई को रद्द रहेगा।

******************

विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान ने दिल्ली स्थित साहित्य अकादमी सभागार में रांची की साहित्यकार वीना श्रीवास्तव को अनिता प्रभाकर स्मृति कहानी प्रतियोगिता 2026 में प्रथम पुरस्कार के लिए सम्मानित किया। उनकी कहानी **अब आप सुनिए** को देशभर से आई 175 प्रविष्टियों में से भाषा, संवेदना, शिल्प और सामाजिक सरोकारों के आधार पर चुना गया।

******************

जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र में महिला से चेन छिनतई मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अपराधियों और एक ज्वेलरी दुकानदार को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि आरोपियों के पास से छीनी गई चेन से बनाई गई तीन सोने की अंगूठियां, स्कूटी और नकद राशि बरामद की गई है।

**<u>******************</u>**

जमशेदपुर में झारखण्ड क्षत्रिय युवा संघ ने कल वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती भव्य रूप से मनाने की घोषणा की है। संघ के एक सदस्य ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मरीन ड्राइव स्थित महाराणा प्रताप चौक पर शंखनाद और माल्यार्पण के साथ होगी।

**<u>******************</u>**

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 427 अंक गिरकर 77 हजार 418 पर जबकि निफ्टी 121 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार दो सौ पांच पर था।

**<u>******************</u>**

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज **10 ग्राम** सोने का भाव एक लाख 41 हजार पांच सौ रूपये है, जबकि चांदी की कीमत **दो लाख 68 हजार रुपये प्रति किलो** है।

**<u>******************</u>**

रांची के रातू थाना क्षेत्र में सड़क विवाद के दौरान मारपीट और लाइसेंसी राइफल छीनने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर लिया है। रांची पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर छीनी गई राइफल और घटना में प्रयुक्त पिकअप वैन बरामद की है।

**<u>******************</u>**

आई.पी.एल क्रिकेट में आज डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से शाम साढ़े सात बजे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। इससे पहले कल लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से हरा दिया। वर्षा से बाधित मैच का फैसला डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर हुआ।

**<u>*********समाप्त*********</u>**